## सार-समाचार

### खिलाड़ियों का दल कुचामन रवाना

**पाली, (नि.सं.)।** कुचामन सिटी के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार से आयोजित होने वाली 51 वी शिक्षा विभागीय राज्य स्तरीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गुरूवार को पाली मंडल के खिलाड़ियों का दल दलाधिपति रणवीर सिंह के निर्देशन मेंरवाना हुआ। संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा मंडल पाली रिछपाल सिंह ने बताया कि पाली मंडल के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए 17 से 20 दिसंबर तक पी.एम.श्री.राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेवाडी मे प्रशिक्षण प्राप्त 'किया। सभी खिलाड़ी 27 से 30 दिसंबर तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में टेनिस बॉल क्रिकेट, बॉलीबॉल, शतरंज, कबड्डी, संतोलिया, टेबल टेनिस आदि खेलो में भाग लेंगे इस मौके पर शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, प्रकाश सिंह सोलंकी, ललित मेवाड़ा, विनोद कुमार शर्मा, कोच नागपाल सिंह राठौड़ नंद किशोर शर्मा जितेन्द्र गोस्वामी, गणेश शर्मा, अक्षय त्रिवेदी, संजय कुमार सैन,सहित कई जने मौजूद रहे।

### ऑन जॉब ट्रेनिंग आज से शुरू

**रेवदर, (निसं)।** राजस्थान सरकार की ओर से संचालित व्यावसायिक शिक्षा योजना 2024-25 के शीतकालीन में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांतपूर मे कक्षा 11 वी एवं 12 वी के छात्र छात्राओं को नेटकोर स्किल डेवलपमेंट फाउंडेशन गांधीनगर आबूरोड की ओर से ऑन जॉब ट्रेनिंग का आयोजन शुरू किया है। प्रधानाचार्य भरत कुमार पुरोहित ने बताया कि ऑन जॉब ट्रेनिंग का आयोजन 6 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। इसमें छात्र: छात्राओं को आईटी व आईटीएस के क्षेत्र में रोजगार परक प्रशिक्षण आज से दस दिवस रोज 8 से 10 घंटे दिया जाएगा। व्यावसायिक शिक्षा के प्रभारी सतीश कुमार मीणा ने कहा कि इन प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों मे संस्थागत अनुभव व सेक्टर के प्रति समझ विकसित होगी। व्यावसायिक शिक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि ऑन जॉब ट्रेनिंग में कुल 30 छात्र भाग ले रहे हैं इन प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार की संभावनाओं में वृद्धि होंगी। वहीं नेटकोर प्रधान जयंतीलाल व्यास ने छात्राओं को कम्प्यूटर शिक्षा के महत्व व प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया। नेटकोर स्किल डेवलपमेंट से दीपांसु व्यास एवं नीलेश राणा ने कम्प्यूटर व आईटी सेक्टर के बारे मे जानकारी देकर छात्रों में कौशल विकसित करने पर जोर दिया। इस दौरान प्रधानाचार्य भरत कुमार पुरोहित, व्यावसायिक शिक्षा के प्रभारी सतीश कुमार मीणा, महिला अध्यापिका हेमलता पंजाबी, व्यावसायिक शिक्षक सुरेश कुमार, नेटकोर स्किल डेवलपमेंट के स्टाफ सहित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांतपूर के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### भाजपा सोमनाथ मंडल ने वीर बाल दिवस मनाया

**पाली, (नि.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी सोमनाथ मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष मुकेश नाहर के नेतृत्व मे राष्ट्रीय बाल दिवस मनाया गया। भाजपा आई.टी. संयोजक नरेन्द्र तिवाड़ी ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर वीर बाल दिवस को गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों जोरावर सिंह व फतेहसिंह के बलिदान की याद में मनाया गया। इसी कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम संयोजक सुरेश पंवार तथा सह संयोजक अमोलक शर्मा के निर्देशन में सूरजपोल स्थित मुख्य गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम में गुरुद्वारा के मुख्य ज्ञानी द्वारा अरदास कर उनके बलिदान के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी बताई गई। सभी को प्रसाद वितरण किया गया। सभी सदस्यों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात गुरुद्वारा से सूरजपोल चौराहे तक शहीदों को नमन करते हुए रैली के रूप मे पहुंचे। इस दौरान प्रधान मंगलाराम देवासी, पार्षद राधेश्याम चौहान, आई.टी. जिला संयोजक मुकेश नाबरिया, महामंत्री जीतेन्द्र भंसाली, रामचंद्र तोषावरा, सुमार सम्भवानी, सोहन देवड़ा, रमेश परिहार, ममता बोहरा, बस्ती देवड़ा, योगेश रांकावत, जीतेन्द्र परमार, बहादुर सिंह राठौड़, कमलेश मेवाड़ा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मासिक काव्य संध्या आयोजित

**जोधपुर, (कासं)।** नवोदय सबरंग साहित्य परिषद की वर्ष: 2024 की अंतिम मासिक काव्य गोष्ठी वयोवृद्ध साहित्यकार एन. के. मेहता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। गोष्ठी में स्व. कुसुमलता भंडारी, संस्थापक, प्रज्ञा निकेतन संस्थान एवं उप कुलपति, अंध विश्वविद्यालय जोधपुर को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए आयोजित की गई। गोष्ठी का आगाज मेहता ने अपनी प्रसिद्ध व्यंग्य रचना तुम्हारे दिल के भूखंड पर... से किया। नगर के दर्जन भर कवियों एवं कला-प्रेमियों ने लगभग ढाई घंटे से अधिक समय तक अपने कलाम से गोष्ठी में विविध रंग बिखेरे। डॉ. महेन्द्र जैन, अशफाक अहमद फौजदार, श्याम गुप्ता शान्त, श्रीमती राखी पुरोहित, रजा मोहम्मद खान, नंद किशोर भाटी, राजेन्द्र खींवसरा, हंसराज हंसा, रजनी प्रजापति, दीपिका गहलोत एवं देवीसिंह ने अपनी दिलकश रचनाओं से गोष्ठी को ऊंचाई बख़्शी। अनुराधा अडवाणी के आतिथ्यपूर्ण आयोजन के पश्चात् संस्था के अध्यक्ष एन.के. मेहता ने सभी आगंतुक कवियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

### पाली में सड़क हादसे में वृद्ध घायल

**पाली,(नि.सं.)।** पाली में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक वृद्ध गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार पाली जिले के सोजत थाना क्षेत्र में बुधवार शाम को अज्ञात वाहन ने उधर से पैदल गुजर रहे एक वृद्ध को चपेट में ले लिया। हादसे में वृद्ध के सिर, हाथ-पांव में गंभीर चोटें आई। हादसे की जानकारी मिलने पर एम्बुलेंस की सहायता से वृद्ध को उपचार के लिए सोजत हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर किया गया। देर शाम को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में वृद्ध को लाया गया। जहां उसका उपचार शुरू किया गया। डॉक्टर सुनिल सालवे, डॉ देवेंद्र सियार ने बताया कि घायल वृद्ध के हाथ और सिर में गंभीर चोटें है। जिसका उपचार किया जा रहा है। इधर पुलिस इस अज्ञात वाहन के परिजनों की तलाश में जुटी है। वृद्ध के पास से किसी तरह का पहचान पत्र या मोबाइल आदि नहीं मिला।

### मशीन में आई मजदूर की अंगुली

**पाली, (नि.सं.)।** पाली में एक फैक्ट्री में मजदूर की अंगुली फेल्ड मशीन में फंस गई। समय रहते साथी मजदूरों ने मशीन बंद कर दी वरना बड़ा हादसा हो सकता था। मजदूर की अंगुली बुरी तरह जख्मी हो गई। उसे साथियों ने बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार पाली शहर के शिव कॉलोनी निवासी सोनू (21) पुत्र बाबूसिंह गुरुवार दोपहर को भी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फैक्ट्री में काम कर रहा था। इस दौरान फेल्ड मशीन पर काम करते समय उसकी एक अंगुली मशीन में आ गई। जिससे अंगुली बुरी तरह जख्मी हो गई। समय रहते अन्य श्रमिकों ने मशीन बंद कर उसकी अंगुली बाहर निकाल दी। घायल को तुरंत इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर अन्य श्रमिक और परिजन भी बांगड़ हॉस्पिटल पहुंच गए। और घायल श्रमिक के बारे में जानकारी ली।

### चाचा ने भतीजी से की अश्लील हरकत

**पाली, (नि.सं.)।** पाली में 14 साल की भतीजी से चाचा ने अश्लील हरकत कर दी। लड़की ने अपनी मां को सारी बात बताई। पुलिस ने पीड़िता के पिता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना पाली शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र की है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें बताया- मैं और उसकी पत्नी सुबह काम पर चले जाते थे। इस दौरान पीछे से उसका रिश्ते का मौसेरा भाई घर आता था। उस समय घर में मेरी बुजुर्ग मां और नाबालिग बेटी घर में होते थे। मां बीमार होने के कारण कमरे से कम ही बाहर आती थी। इसका फायदा उठाकर आरोपी मौसेरा भाई मेरी 14 साल की बेटी से पिछले दो-तीन महीने में कई बार छेड़छाड़ और अश्लील हरकत कर चुका था। बेटी के मना करने के बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। परेशान होकर बेटी ने अपनी मां को सारी बात बताई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अब मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### सेंट्रल जेल की तलाशी में 56 ग्राम गांजा मिला

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय कारागार में ली गई तलाशी में 56 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। केस दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने इसमें अब पड़ताल आरंभ की है। रातानाड़ा थानाधिकारी प्रदीप डांगा ने बताया कि जोधपुर केंद्रीय कारागार में जेल प्रशासन की तरफ से तलाशी अभियान चलाया गया। तब जेल की बैरिक संख्या 12 में लावारिश हालत में संदिग्ध सामठी को चेक किया तो काला पदार्थ नजर आया। संभवत: वह गांजा है। इसका वजन तकरीबन 56 ग्राम है। अज्ञात बंदी अथवा कैदी के खिलाफ जेल प्रशासन ने रिपोर्ट दी है।

# शीत लहर से बचाव एवं उपचार के निर्देश दिये

**जालोर, (कासं)।** जिला स्वास्थ्य समिति जालोर की बैठक जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले कि समस्त चिकित्सा संस्थानों को गुणवत्ता के निर्धारित मापदंडों के अनुसार कार्य करने और अपने जिले की चिकित्सा संस्थानों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड के तहत प्रमाणित किए जाने के संबंध में की जाने वाली समस्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने शीत लहर से बचाव एवं उपचार के लिए जिले के प्रत्येक चिकित्सा संस्थान में बेहतर प्रबंधन के निर्देश दिए साथ ही मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना एवं मुख्यमंत्री नि:शुल्क जांच योजना की ब्लॉकवार समीक्षा कर पीएचसी व सीएचसीवार जानकारी लेते हुए वार्षिक मांग के अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही।



जालोर के कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

जिला कलैक्टर ने संस्थागत प्रसव, जेएसवाई, परिवार कल्याण, संपूर्ण टीकाकरण के कार्यों की समीक्षा की साथ ही विशेष टीकाकरण अभियान के दौरान जिले में आयोजित सत्रों में प्रत्येक बच्चे का संपूर्ण शत प्रतिशत टीकाकरण करने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने विभाग के समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश देते हुए चिकित्सा संस्थानों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा स्वास्थ्य केन्द्रों पर आमजन को सुलभ एवं सुविधापूर्ण इलाज मुहैया करवाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमाशंकर भारती, आरसीएचओ डॉ. राजकुमार बाजिया, एनएचएम डीपीएम चरण सिंह, डबल्यूएचओ प्रतिनिधि डॉ पंकज सुथार, डॉ. अनीता चौहान समस्त बीसीएमओ सहित ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेत्र जांच शिविर में 1546 जनों का स्वास्थ्य जांचा



जालोर में स्व.मांगीलाल के परिवार ने नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगवाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** जालोर में जीवीबाई गेनमल सोलंकी चेरिटेबल ट्रस्ट एवं जिला अंधता निवारण समिति जालोर के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को एक विशाल निशुल्क लैंस युक्त आंखों का शिविर का आयोजन राजेंद्र सूरीजैन दादाबाडी नागरिक बैंक के पास जालौर में हुआ। जिसमें 1546 मरीजो के आंखो की जांच की गई।

शिविर की जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी ने बताया कि इसका विधिवत उद्घाटन मंजू सोलंकी एवं उसके परिवार द्वारा किया गया। यह कैंप स्वर्गीय जवाहर मल , स्वर्गीय मांगीलाल, स्वर्गीय सीता देवी सोलंकी एवं स्वर्गीय जेठमल की सोलंकी की स्मृति में जीवी भाई गेनमल सोलंकी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं जिला अंधता निवारण समिति के संयुक्त तत्वाधान में एक विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

आंखों की समस्त तरह की बीमारियों की जांच व उपचार बेंगलुरु की प्रतिष्ठित संस्था प्रोजेक्ट दृष्टि के अध्यक्ष एवं कर्नाटक सरकार द्वारा सम्मानित सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ कर्नाटक नेत्र ज्योति सेवा शिरोमणि के लाड़ले शल्य चिकित्सक डॉक्टर नरपत सोलंकी पुत्र मांगीलाल सोलंकी सीए द्वारा जांच कर जरूरतमंदों ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए हैं । वही जरूरतमंदों को दवाइयां एवं चश्मा भी नि:शुल्क दिए गए। ऑपरेशन वाले रोगियों के भोजन एवं ठहरने की नि:शुल्क सुविधा भी सोलंकी परिवार की तरफ से की गई है।

शिविर में 180 ऑपरेशन के लिए सेलेक्ट किए गए तथा 521 चश्मा वितरण किए। शिविर में होटल 1546 मरीजों की जांच की।

इस शिविर में डॉक्टर नरपत सोलंकी, डॉ सुंदरम ,शांति लाल, सुरेश कुमार, दिनेश कुमार, राजेंद्र , रोबिन, कंचन देवी,रंजना, प्रेमलता ,वर्षा ,मंजू सोलंकी,अंशु,भेरू सेठ,धनपत मुथा , भरत सुथार,राजकुमार,इंद्र भंडारी, देवेंद्र, बिट्टू भाई, विकास बोहरा,श्याम अग्रवाल, अयूब शेख सहित बेंगलुरु के प्रोजेक्ट दृष्टि का पूरा स्टाफ आदि मौजूद थे।

## ग्राम से लेकर जिला स्तर पर कार्यक्रम होंगे

**जालोर, (कासं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 27 दिसम्बर को स्वामित्व योजनान्तर्गत पट्टे व प्रोपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से पट्टे मय प्रोपर्टी पार्सल वितरण एवं लाभार्थियों को संबोधित किया जायेगा। स्वामित्व योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत, पंचायत समिति व जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि स्वामित्व योजनान्तर्गत 27 दिसम्बर को प्रात: 10 बजे से जालोर क्लब में जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला परिषद व पंचायत समिति जालोर का संयुक्त कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा । जिसमें राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत व जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत बिश्नोई सम्मिलित होंगे। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजोरा को जिला प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है तथा विभिान्न विभागों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

## कैलेंडर का विमोचन

**जालोर, (कासं)।** जिला कलेक्टर प्रदीप के. गावंडे ने गुरुवार को आर्य वीर दल राजस्थान-2024 के कैलेंडर का विमोचन किया। संरक्षक दलपत सिंह आर्य ने कैलेंडर के बारे में जानकारी दी। जिला कलेक्टर ने शुभकामना व्यक्त की। इस अवसर पर आर्य वीर दल राजस्थान के अधिष्ठाता विनोद आर्य,आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, संरक्षक दलपत सिंह आर्य, शाखा नायक कन्हैयालाल मिश्रा,पूर्व संचालक छनन आर्य, पूर्व पार्षद भरत मेघवाल व कंचन मीणा उपस्थित थे।

# अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन प्रेरणादायक : श्रवणसिंह राव बोरली

**जालोर, (कासं)।** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर जालोर भाजपा द्वारा जालोर जिला मुख्यालय पर अटल प्रदर्शनी का शुभारंभ कर, अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजली अर्पित की।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजली अर्पित कर, अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया एवं अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन का स्मरण किया गया। राजस्थान विधानसभा मुख्य सचेतक (केबिनेट मंत्री) एवं जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने बताया की अटलजी का जीवन विभिन्न संकटों से भरा हुआ था, लेकिन लक्ष्य अटल और राष्ट्र हित के संकल्प दृढ होने के कारण ही उन्होने देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।



जालोर के भाजपा कार्यालय में अटल प्रदर्शनी के शुभारंभ कार्यक्रम को मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने संबोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर सांचौर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया की आज हम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। एक महान नेता, कुशल वक्ता और कवि, अटलजी का योगदान भारतीय राजनीति और समाज में अमिट रहेगा। उनकी नेतृत्व क्षमता ने भारत को हर दिशा में मजबूती दी। वाजपेयी जी केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि एक सच्चे राष्ट्र निर्माता थे, जिन्होंने हमेशा देशहित को सर्वोपरि माना। संगठन पर्व के जिला मुख्य चुनाव अधिकारी विष्णू चेतानी ने बताया की अटल बिहारी वाजपेयी के शासनकाल में देश में सुख-शांति एवं विकास की गति को बढावा मिला, जिसके कारण सुशासन स्थापित हुआ और इसी कारण आज हम सभी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंति को प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाते हैं।

राजस्थान भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं भीनमाल नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सांवलाराम देवासी ने बताया की जालोर जिला मुख्यालय पर संचालित अटल प्रदर्शनी में उनके जीवन बहुत सरलता से दिखाया गया हैं, जिससे प्रेरणा लेकर, हमें भी संगठन और राष्ट्र को और मजबूती देनी चाहिए।

इस दौरान राजस्थान विधानसभा मुख्य सचेतक (केबिनेट मंत्री) एवं जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग, जालोर सांचौर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, संगठन पर्व के जिला मुख्य चुनाव अधिकारी विष्णू चेतानी, राजस्थान भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं भीनमाल नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष सांवलाराम देवासी, जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड, पुखराज राजपुरोहित, मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी, मंजू सोलंकी, मंडल अध्यक्ष सुरेश सोलंकी, वरिष्ठ कार्यकर्ता मंगलसिंह सिराणा, दीपसिंह धनानी, लालसिहं राजपुरोहित गोविन्दला, डिम्पसिंह चौहान, भूरसिंह देवकी, मुकेश राजपुरोहित सांकरणा, महेन्द्र मुणौत, नाथूसिंह तिखी, पहाडसिंह राव, दिलीप सोलंकी, उर्मिला दर्जी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**पाली संवाददाता के अनुसार :** भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में पंचायत समिति पाली में गुरूवार को विशेष अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। पाली उपखण्ड अधिकारी विमलेन्द्र राणावत ने बताया कि शिविर में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिविर के दौरान समस्त आमजन से परिवाद प्राप्त किए गए एवं राज्य एवं केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों के आवेदन पत्र भरवाए गए। कुल 14 परिवाद शिविर स्थल पर प्राप्त हुए जिनका मौके पर ही विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर निस्तारण करवाया गया। साथ ही संपर्क पोर्टल पर प्राप्त होने वाले कुल 73 प्रकरणों का शिविर के दौरान गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया गया। इस दौरान शिविर में प्रधान पंचायत समिति पाली मोहिनी देवी, जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### प्रतियोगिता के कई मुकाबले हुए

**जालोर, (कासं)** जालोर मुस्लिम समाज प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को क्रिकेट व बॉलीबाल प्रतियोगिता के रोचक मैच खेले गये। आयोजक नाहिद अली ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को पहला मैच बी.वी.सी और के. के.आर. के बीच खेला गया। जिसमें बीवीसी ने 104 रन बनाए। वहीर जवाब में केकेआर की टीम 92 हीं बना पाए। बीवीसी ने इस मैच में विजय रही। बीवीसी की ओर से साहिल खान ने सर्वाधिक 51 रन बनाये। दूसरा मैच यारू भाई इलेवन और देशवाली बागरा के बीच खेला गया। जिसमें यारू भाई इलेवन ने जीत दर्ज की। तीसरा मैच खेजरला और एनएसपी भीनमाल के बीच खेला गया। जिसमें खेजरला की टीम विजय रही। प्रतियोगिता का चौथा मैच मैहर क्रिकेट क्लब कोलर और एनसीसी नवाब भीनमाल के बीच खेला गया, जिसमें कोलर की टीम ने निर्धारित ओवर में 109 रन बनाए। कोलर की टीम ने जीत दर्ज की। वही सर्वाधिक रन कोलर की ओर से आरिफ मैहर ने 45 रन बनाए तथा ताज मोहम्मद ने सर्वाधिक 7 विकेट लिये। दूसरी तरफ वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पहला मैच सुपर टीचर्स और खिलजी क्लब के बीच खेला में सुपर टीचर्स की टीम विजेता रही। दूसरा मैच बिस्मिल्लाह क्लब और राजा लश्कर के बीच खेला गया इसमें बिस्मिल्लाह क्लब विजेता रही। तीसरे मैच जानिसार क्लब और हब्शीयान क्लब के बीच खेला गया। जिसमें जानिसार क्लब विजेता रहा। चौथा मैच केजीएन सुपर सेवन और पठान ब्रदर्स के बीच खेला गया। जिसमें पठान ब्रदर्स विजेता रही।

### अनादरा मंडल ने वीर बाल दिवस मनाया

**रेवदर, (निसं)।** भाजपा अनादरा मंडल ने वीर बाल दिवस मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह देवडा की अध्यक्षता एवं किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष और वीर बाल दिवस जिला सह संयोजक दिनेश प्रजापत के निर्देशन में डाक के मामा जी मंदिर में श्रद्धा पूर्वक मनाया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह देवडा ने वीर बाल दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु गोविंद सिंह साहब के दो पुत्रों ने धर्म को बचाने के लिए औरंगजेब के अपना बलिदान दे दिया और यह बलिदान सदियों तक याद रखा जाएगा। कार्यक्रम जिला सहसंयोजक दिनेश प्रजापत ने साहिबजादे जोरावर सिंह और साहिबजादे फतेह सिंह के शौर्य, पराक्रम एवं बलिदान पर प्रकाश डाला। अनादरा मंडल मंत्री केसर सिंह पराडीया, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष पृथ्वी सिंह डबाणी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में राज्य सरकार द्वारा गैर सरकारी सदस्य खाद्य एवं आपूर्ति विभाग रेवदर में राशन आवंटन सलाहकार समिति सदस्य बनाए जाने पर पृथ्वीसिंह डबाणी का भी अभिनंदन किया गया है। कार्यक्रम में महामंत्री अशोक पुरोहित, पृथ्वी सिंह डबाणी,मंडल उपाध्यक्ष रमेश जोशी,मंडल मंत्री केसर सिंह पैराडिया, मंडल मंत्री कन्हैयालाल पुरोहित, पोसिनेदरा सरपंच महेन्द्र मेघवाल,मामा जी भोपाजी पन्नालाल देवासी,बूथ अध्यक्ष चतराराम चौधरी,भावेश प्रजापत,शैतान सिंह डबाणी आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शीत लहर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**जालोर, (कासं)।** जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने आदेश जारी कर जिले में संभावित शीत लहर (शीतघात) के प्रकोप को देखते हुए जिला स्तर पर शीत लहर के उचित प्रबंधन के लिए अतिरिक्त जिला कलैक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट राजेश मेवाड़ा को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। उन्होंने जिला हेल्पलाइन कक्ष में तैनात समस्त कार्मिकों को जिला नोडल अधिकारी के निर्देशन में शीत लहर के संबंध में सूचनाओं के आदान-प्रदान का कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने शीत लहर के प्रबंधन के लिए समस्त तहसील, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर कार्ययोजना बनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है। मौसम विभाग द्वारा आगामी 48 घंटों में वर्षा की संभावना, घना कोहरा एवं शीत दिन दर्ज किए जाने के संभावना के चलते चेतावनी जारी की गई है। प्रशासन द्वारा निराश्रित, बेघर, जरूरतमंद महिलाओं व पुरूषों को रहने के लिए सुविधायुक्त आश्रय स्थल (रैन बसेरों) की व्यवस्था की गई है। जालोर नगर परिषद क्षेत्र में निजी बस स्टेण्ड के अंदर व नगर परिषद के पास वीरम मंच के पीछे रैन बसेरा संचालित है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा ठंड एवं हाइपोथर्मिया से बचाव के लिए अनावश्यक रात्रि में घर से बाहर नहीं रहने, खुले में नहीं सोने, उचित गर्म कपड़ों से शरीर को ढकने तथा बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने के बात की है।

### अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीकरण 7 से

**जालोर, (कासं)।** भारतीय वायुसेना मे अग्निपथ स्कीम के अन्तर्गत अग्निवीरवायु भर्ती 01/2026 के लिए ऑनलाईन पंजीकरण 7 जनवरी से प्रारंभ होंगे तथा पंजीकरण की अंतिम तिथि 27 जनवरी रखी गई है।वायु सेना जोधपुर के 5 एएससी के कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर अभिषेक कटोच ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक अविवाहित पुरूश एवं महिलाएं उम्मीद्वार भर्ती से सम्बधित सभी नियमों की विस्तृत जानकारी भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाईट से प्राप्त कर सकते है। उम्मीदवार अग्निवीर की भर्ती के लिए 7 जनवरी 2025 से 27 जनवरी 2025 तक पर लॉग इन कर ऑनलाईन पंजीकरण कर सकते हैं। भर्ती के लिए 1 जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008 (दोनों दिनांक सहित) के बीच जन्मे अविवाहित पुरूश एवं महिलाएं उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होंगे। 12वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विज्ञान संकाय में गणित और भौतिक विशय के साथ एवं कला तथा वाणिज्य संकाय मे किसी भी विशय के साथ 50 फीसदी अंको के साथ अग्रेंजी विशय में भी 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है या 3 वर्शीय इंजीनियरिंग डिप्लोमाधारक या 2 वर्शीय वोकेषनल कोर्स पास उम्मीदवार आवेदन के लिए पात्र होंगे।

### रूकमणपुरी महाराज का सन्यास दिवस मनाया

**जोधपुर, (कासं)।** चांदपोल तापड़िया बेरा के पास स्थित बाबा प्रकाशपुरी आश्रम की संत रूकमणपुरी महाराज का 41वां सन्यास दिवस गुरुवार को अनेक धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया। आश्रम के ट्रस्टी ढालूमल कोटवानी ने बताया संत रूकमणपुरी महाराज का 41वां सन्यास दिवस व पौष कृष्ण एकादशी पर आश्रम में स्थित त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक बाबा प्रकाशपुरी महाराज की चरण पादुका का पूजन, अनवरत चल रहे अखण्ड रामायण पाठ एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही आश्रम में स्थित स्वर्गीय सतीश पुरोहित की समाधि का पूजन व प्रसादी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। सन्यास दिवस पर आयोजित गोष्ठी में संत रूकमणपुरी महाराज ने गुरु परंपरा में गुरु परम गुरु व परमेष्ठी गुरू की व्याख्या करते हुए कहा कि वैदिक सनातन धर्म अपनाते हुए ईश उपासना व दान पुण्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए जिससे हमारे बुरे कर्मो का ह्रास व अच्छे कर्मो का बंधन होता है।कार्यक्रम में प्रेमराज बोडा,राहुल पुरोहित, रघु, रामकिशोर राठी, कोठाजी रामदेव सहित कई जने मौजूद थे।

### गौ पूजन के साथ बीमार गौवंश की सेवा की

**जालोर, (कासं)।**भारत विकास परिषद् ,जालोर की ओर से गुरूवार को परिषद् के सेवा प्रकल्प के तहत शहर के निकटवर्ती जालोर - लेटा बाईपास रोड पर गोल निमडी क्षेत्र स्थित गऊ रक्षा सेवा संस्थान में गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र भूतड़ा ने बताया कि सर्वप्रथम प्रतीकात्मक रूप से गौमाता के कुमकुम का तिलक लगाकर, माला व धूप दीप अर्पित कर परिषद के कार्यकर्ताओं ने गौ माता का पूजन किया गया। परिषद् के सदस्य चंद्राराम कुमावत व कालूराम कुमावत परिवार के सौजन्य से गौशाला में मौजूद तीन सौ से अधिक बीमार व अशक्त गौवंश को सदस्यों ने 3 क्विंटल लापसी बनाकर खिलाई। इस अवसर पर शाखाध्यक्ष राजेन्द्र भूतड़ा, कोषाध्यक्ष शंकरलाल सोलंकी, चन्द्राराम कुमावत, रामप्रकाश चौधरी , पंडित पवन दाधीच भंवरलालु सुथार, मुकेश कुमावत, रामेश्वर, लक्ष्मण तथा संस्थान के व्यवस्थापक अर्जुन सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज जोधपुर पहुंचे

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ठामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को दोपहर जोधपुर पहुंचे। यहां उनका भाजपा की तरफ से स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री चौहान आज दोपहर वायु मार्ग द्वारा जोधपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राज्ससभा सांसद राजेंद्र गहलोत, शहर विधायक अतुल भंसाली सहित कई जनप्रतिनिधि व भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री चौहान स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे 27 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद चौहान शाम पांच बजे जोधपुर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।